रोल नं. ..... NLCS/10/हिन्दी कोर्स-अ(002)/95

प्री बोर्ड परीक्षा – 2025-2026

समय- 3 घंटे **पूर्णांक–80**

सामान्य निर्देश

1. इस प्रश्न पत्र में चार खंड है - खंड 'क', खंड 'ख', 'ग' और 'घ' ।
2. दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी खंडों के प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है ।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।

खंड 'क'

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

भोजन केवल तब करें जब आपको भूख लगी हो। कभी-कभी कुछ खाने की तीव्र इच्छा को शांत करने के लिए सिर्फ किसी पेय पदार्थ की ही आवश्यकता होती है। सुबह नाश्ता अवश्य करें ताकि सुबह 10-11 बजे वाली ऊर्जा में गिरावट से बचा जा सके। प्रतिदिन एक गिलास जैविक फल या सब्जी के रस का सेवन करें। सब्जी और फलों के रस को एक साथ मिलकर ना ले। दोपहर का भजन सबसे बड़ा होना चाहिए क्योंकि इस समय जठराग्नि सर्वाधिक प्रबल होती है। इस भोजन में षड्रस युक्त सामग्री का सेवन करें। हमेशा बैठकर भोजन करें और अपना पूरा ध्यान ग्रहण किए जा रहे भोजन पर केंद्रित रखे। भोजन के समय ज्यादा बातचीत नहीं करें, पढ़ना, टेलीविजन, मोबाइल आदि नहीं देखे। हमेशा भोजन के स्वाद और खाने की क्रिया के प्रति सचेत रहे और कोशिश करें कि आप स्थिर व शांत वातावरण में भोजन करें। भोजन वही करें जो पौष्टिक, सुगंधित, स्वादिष्ट और ताजा हो। भोजन बनाने के 3 घंटे के भीतर उस खाद्य पदार्थ का उपयोग हो जाना चाहिए। ठंडा, बासी, पहले से पकाया हुआ, माइक्रोवेव में पका हुआ, तथा डिब्बा बंद खाना खाने से बचे।

मिठास के लिए शहद, मैपल सिरप, रामबांस और स्टीविया के अर्क का उपयोग करें। चाय काफी तथा अन्य पैक्ड शीतल पेय पदार्थों का सेवन करने से बचे। भोजन करने के दौरान गर्म पानी या छाछ की कुछ घूँट पिए। इसके अलावा भोजन करने के आधा घंटे बाद जल का सेवन करें। दोपहर के समय ऊर्जा में कमी महसूस हो तो कुछ नाश्ता या फलों का सेवन करें। रात को सोने से कम से कम 3 घंटे पहले भोजन करे और हल्का भोजन करें। रात को सोते समय गर्म दूध का सेवन करें।

1. मिठास के लिए किसका उपयोग उचित है ? 1

कथन-1 मिठास के लिए शहद,मैपल सिरप का उपयोग करें ।
कथन-2 रामबांस, स्टीविया के अर्क का उपयोग करें ।
कथन-3 चाय, काफी, शीतल पेय पदार्थों का उपयोग करें ।

(क) कथन एक सही है। (ख) कथन एक और तीन सही है ।
(ग) कथन दो और तीन सही है। (घ) कथन एक और दो सही है।

2. कथन (A) दोपहर का भोजन सबसे बड़ा होना चाहिए ।
कारण (R) दोपहर में जठराग्नि सर्वाधिक प्रबल होती है ।

कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। 1

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है ।
(ख) कथन (A) और कारण (R)दोनों ही गलत है ।
ग) केवल कथन(A) सही है।
घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।

3.रात का भोजन सोने से कितने घंटे पूर्व करना चाहिए ? 1

(क) घंटे पूर्व (ख) 3 घंटे पूर्व (ग) 4 घंटे पूर्व (घ) 1 घंटे पूर्व

4 भोजन करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? 2

4. किस प्रकार का भोजन खाने से बचना चाहिए ? 2

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

टकराएगा नहीं आज उद्धत लहरों से,
कौन ज्वार फिर तुझे पार तक पहुँचाएगा ?
अब तक धरती अचल रही पैरों के नीचे,
फूलों की दे ओट सुरभि के घेरे खींचे,

पर पहुँचेगा पंथी दूसरे तट पर उसे दिन,
जब चरणों के नीचे सागर लहराएगा ।
गर्त शिखर बन उठे लिए भँवरों का मेला,
हुए पिघल ज्योतिष्क निश्चल बेला,
तू मोती के द्वीप स्वप्न में रहा खोजता,
तब तो बहता समय शिला सा जम जाएगा,
धूल पोंछ काँटे मत गिन छाले मत सहला,
मत ठंडे संकल्प आँसुओं से तू बहला,
तुझसे हो यदि अग्निस्यात यह प्रलय महोत्सव
तभी मरण का स्वस्ति-गान जीवन गाएगा ।
टकराएगा नहीं आज उन्मद लहरों से
कौन ज्वार फिर तुझे दिवस तक पहुँचाएगा ?

1. दिए गए काव्यांश का क्या उद्देश्य प्रतीत होता है ? 1

(क) आत्मविश्वास जगाने हेतु दृष्टांत प्रस्तुति (ख) हर हाल में कार्य करने की प्रेरणा
(ग) जागृति व उत्साहित करने हेतु प्रेरणा (घ) जीवन दर्शन के विषय में प्रोत्साहन

2. 'तू मोती के द्वीप स्वप्न में रहा खोजता ।' का पंक्ति का भावार्थ होगा। 1

कथन : I कठिन कार्य की सफलता के लिए मेहनत नहीं करना ।
कथन : II कार्य नहीं करके सफलता के सपने देखते रहना ।
कथन : III समय नष्ट करना ।
कथन : IV सच्चाई का सामना करने से कतराना

(क) कथन I और II सही है। (ख) कथन III और IV सही है ।
(ग) कथन I , II और IV सही है। (घ) कथन I सही है ।

3. कथन (A) लहरों से टकराएगा ज्वार को पार करेगा ।
कारण (R) पंथी दूसरे तट पर पहुँचेगा ।

कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए। 1

(क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है ।
(ख) कथन (A) और कारण (R)दोनों ही गलत है ।
(ग) केवल कथन(A) सही है।
(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।

4. जीवन में बलिदान की प्रशंसा कब होती है ? 2

5. फूलों की दे ओट सुरभि के घेरे । पंक्ति से क्या तात्पर्य है? 2

खंड 'ख' (व्यवहारिक व्याकरण)

प्र.3 रचना के आधार पर वाक्य भेद पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - 1×4=4

1. फौजी कड़कड़ाती ठंड में भी पहरा देते हैं ताकि हम चौन की नींद सो सके । वाक्य का प्रकार बताइए ।
2. श्वेत पताकाएँ जो कि शांति और अहिंसा का बोध कराती है । वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए ।
3. हम लोग मिठाई की दुकान बढ़ाकर घरौदा बनाते थे । - संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए
4. मेरी बात स्पष्ट करने के लिए अपनी एक कविता की कुछ चर्चा करू । मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए ।
5. भारत लौटकर एक दिन मैंने हिरोशिमा पर कविता लिखी **<u>जो मेरे निकट है</u>** । रेखांकित उपवाक्य का प्रकार बताइए ।

प्र.4 वाच्य पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - 1×4=4

1. जितेन नार्गे ने रास्ते भर रकम-रकम की जानकारी दी । कर्मवाच्य में परिवर्तित कीजिए ।
2. बिस्मिल्लाह खाँ द्वारा 80 बरस तक कला की अनन्य उपासना की गई । कर्तृ वाच्य में परिवर्तित कीजिए।
3. नगर पालिका थी तो कभी सड़क पक्की करवा दी गई, कभी कवि सम्मेलन करवा दिया गया । वाच्य पहचान कर लिखिए ।
4. बाल गोबिन भगत भजन गा रहे हैं । भाव वाच्य में परिवर्तित कीजिए ।
5. नवाब साहब ने संगति के लिए उत्साह नहीं दिखाया । कर्म वाच्य में परिवर्तित कीजिए ।

प्र.5 निम्नलिखित में से किन्हीं चार रेखांकित पदों का व्याकरणिक परिचय दीजिए - 1×4=4

1. मैं कभी **भन्ना-भन्ना** जाती थी।
2. संस्कृत व्यक्ति **निठल्ले** नहीं बैठ सकते ।
3 काशी में **हजारों सालों** का इतिहास है ।
3. दोनों बड़े भाई पढ़ाई के लिए **बाहर** चले गए ।
5. सोचता, "लगता है मीठी वाली शहनाई दादा कहीं और **रखते हैं** ।"

प्र.6 निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में से किन्हीं चार पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार स्पष्ट कीजिए - 1×4=4

1. मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती।
2. परस पाकर तुम्हारा ही प्राण पिघल कर जल बन गया होगा कठिन पाषाण ।
3. लखन उत्तर आहुति सरिस ।
4. गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोरअति घोर ।
5. कहीं पड़ी है उर में मंद गंध पुष्प माल।

खंड 'ग' (पाठ्य पुस्तके)

प्र.7 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए । 1×5=5

सभ्यता है संस्कृति का परिणाम। हमारे खाने-पीने के तरीके हमारे ओढ़ने-पहनने के तरीके हमारे गमना-गमन के साधन हमारे परस्पर कट मरने के तरीके सब हमारी सभ्यता है। मानव की जो योग्यता उससे आत्मविनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, हम उसे उसकी संस्कृति कहे या असंस्कृति और जिन साधनों के बल पर वह दिन-रात आत्म-विनाश में जुटा हुआ है, उन्हें हम उसकी सभ्यता समझे या असभ्यता? संस्कृति का यदि कल्याण की भावना से नाता टूट जाएगा तो वह असंस्कृति होकर ही रहेगी और ऐसी संस्कृति का अवश्यंभावी परिणाम असभ्यता के अतिरिक्त दूसरा क्या होगा?

1. संस्कृति का परिणाम क्या होगा ?

(क) असंस्कृति (ख) सभ्यता (ग) असभ्यता (घ) अपसंस्कृति

2. आत्मविनाश कराने वाले साधन कहलाते हैं।

(क) असभ्यता (ख) सभ्यता (ग) असंस्कृति (घ) संस्कृति

3. संस्कृति कब असंस्कृति बन जाती है ?

(क) जब वह नए-नए अविष्कार करती है (ख) जब वह विनाश करती है

(ग) जब उसका संबंध कल्याण की भावना से टूट जाता है (घ) जब वह निर्माण करती है

4. असंस्कृति का परिणाम है-

(क) सभ्यता (ख) निर्माण (ग) विनाश (घ) असभ्यता

5. मानव कल्याण की भावना के आधार पर अंतर किया जा सकता है।

(क) संस्कृति तथा असंस्कृति में (ख) सभ्यता तथा असभ्यता में (ग) संस्कृति तथा सभ्यता में (घ) संस्कृति तथा असभ्यता में

प्र.8 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए। 1×5=5

मन की मन ही माँझ रही । कहिए जाइ कौन पे ऊधौ, नाहीं परत कहीं ।
अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही ।
अब इन जोग संदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही ।
चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही ।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही ।।

1. प्रस्तुत पद्यांश में किन के मन की बातें मन में ही रह गई ?

(क) गोपियों के (ख) श्री कृष्ण के (ग) उद्धव के (घ) कवि के

2. गोपियों को क्या आशा थी ?

(क) वे श्री कृष्ण से मिलने जाएंगी। (ख) वचन को पूरा करने के लिए श्री कृष्णा निश्चित समय सीमा में लौट आएंगे ।
(ग) वे उद्धव के मुख से संदेश सुनेगी । (घ) वे योग अपनाएंगी ।

3. गोपियों की व्यथा कब बढ़ गई ?

(क) उद्धव को देखकर (ख) श्री कृष्ण की बातें सुनकर (ग) योग के संदेश को सुनकर (घ) नदी की धारा को देखकर

4. 'मरजादा न लही' के माध्यम से कौन सी मर्यादा का पालन नहीं करने की बात कही जा रही है?

(क) समय की मर्यादा (ख) घृणा की मर्यादा (ग) क्रोध की मर्यादा (घ) प्रेम की मर्यादा

5. पद्यांश में गोपियाँ पाठकों के मन में कैसे भाव को जागृत करती है?

(क) क्रोध के भाव को (ख) प्रेम की पीड़ा की भाव को (ग) करुणा के भाव को (घ) घृणा के भाव

प्र..9 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए- 2×3=6

1. परशुराम की क्रोधाग्नि को देखकर विश्वामित्र मन ही मन में क्या सोच रहे थे ?
2. फागुन के सौंदर्य के माध्यम से कवि ने मनुष्य के अंतर्मन के भावों को किस प्रकार व्यक्त किया है ? ''अट नहीं रही है'' कविता के माध्यम से स्पष्ट कीजिए।
3. आज की उपभोक्तावादी संस्कृति में "फसल" कविता हमें क्या संदेश देती है ?
4. मुख्य गायक को कब अपना बचपन याद आता है ? ''संगतकार'' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए-

प्र.10 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में लिखिए. - 2×3=6

1. बिस्मिल्ला खाँ की तुलना कस्तूरी मृग से क्यों की गई है?
2. ऐसी क्या मजबूरी थी कि नेताजी की मूर्ति बनाने का कार्य स्थानीय कलाकार को दे दिया गया था ?
3. बाल गोबिन भगत किसे अपना 'साहब' मानते थे और क्यों ?
4. सन 1946-47 में भारत के हर शहर का चरित्र कैसा था ? 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर मन्नू जी की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

प्र.11 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50 से 60 शब्दों में दीजिए- 4×2=8

1. भोलानाथ का बचपन अल्हड़, मौज मस्ती से भरा था । उसमें पिता भी शामिल होकर उत्साह बढ़ाते थे । अपने बचपन की तुलना भोलानाथ से करते हुए माता-पिता की भूमिका का भी उल्लेख कीजिए।
2. ''मंजिल से भी कहीं अधिक रोमांचक होता है, मंजिल तक का सफर'' - साना साना हाथ जोड़ि पाठ के आधार पर स्पष्ट करते हुए अपने किसी रोमांचक सफर का वर्णन कीजिए।
3. एक संवेदनशील युवा नागरिक की हैसियत से विज्ञान का दुरुपयोग रोकने में आपकी क्या भूमिका होगी ? ''मै क्यों लिखता हूँ'' - पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए-

खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन)

प्र.12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- 6

1. स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत अभियान एक अच्छी पहल

संकेत बिंदु : आवश्यकता, इससे लाभ, हमारी भूमिका ।

2. समय की कमी से जूझता महानगरीय जीवन

संकेत बिंदु : महानगर की जीवन शैली, उन्नति की अंधी दौड़, उत्पन्न परेशानियाँ तथा समाधान ।

3. कामकाजी महिलाएँ और उनकी दोहरी भूमिका

संकेत बिंदु : वैज्ञानिक एवं शैक्षिक प्रगति का युग, घर की जिम्मेदारियाँ, आत्मनिर्भर तथा आत्मविश्वास से परिपूर्ण ।

प्र.13 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए - 5

आपके घर के आसपास के कई जगहों पर बच्चों को कठिन कामों में संलग्न देख रहे हैं, जो पढ़ाई लिखाई से वंचित हो रहे हैं। इस पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए 'दैनिक प्रहरी' समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

अथवा

आपकी माताजी कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही है उनकी तबीयत के बारे में जानकारी लेने तथा उन्हें आराम की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

प्र.14 आपका नाम अर्पित या अर्पिता है। आपने एम.बी.ए किया है। आपको ए.बी.सी.एल. कंपनी में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव पद के लिए आवेदन करना है। अपने विषय में जानकारी देते हुए अपना स्ववृत लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। 5

अथवा

आप एन.डी.ए परीक्षा का प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में असमर्थ हो रहे है। इसके बारे में यूपीएससी के अध्यक्ष upscpresi@gmail.com तथा प्रतिलिपि सचिव को ईमेल कीजिए ।

प्र.15 'प्रकृति आर्गेनिक फूड' कंपनी के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में बनाइए । 4

अथवा

आपके पिता की अनुपस्थिति में उनके मित्र अपने पुत्र के आई आई टी, नई दिल्ली में चयन तथा उसके जन्मदिन की एक संयुक्त पार्टी का निमंत्रण पत्र देने आए थे। ये सभी जानकारी संदेश के माध्यम से अपने पिताजी को दीजिए।

****